साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**

वर्ष : 3 | अंक : 50 — गोंदिया : गुरुवार, दि. 20 जुलाई से 26 जुलाई 2023 — ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5



### तालाब में मिला शव

**गोंदिया** -डुग्गीपार थानांतर्गत मंदीटोला निवासी राजाराम श्रावण मातवारे (55) का शव मंदीटोला परिसर के बड़े तालाब के पानी में 16 जुलाई को मिला। रतिराम चैतु मातवारे (72) की रिपोर्ट पर डुग्गीपार पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है। जांच सहायक फौजदार नागपुरे कर रहे हैं।

## गोंदिया-आमगांव मार्ग होंगा बार-बार बंद परिवर्तित मार्ग से करना होंगा आवागमन

## बार्बरीक कंस्ट्रक्शन की लापरवाही का खामियाजा पूरी बारिश भुगतेंगे जिलेवासी

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया से आमगांव के महामार्ग का निर्माण कार्य बार्बरीक कंस्ट्रक्शन द्वारा किया जा रहा है। जिसमें गोंदिया आमगांव मार्ग पर स्थित पांगोली नदी की पुलिया का निर्माण कार्य 1 वर्ष के बावजूद अधूरा है। जिसके चलते डायवर्सन मार्ग बनाया गया है किंतु रास्ता खस्ताहाल होने से प्रशासन द्वारा दूसरी बार 16 जुलाई को सावधानी के तौर पर मार्ग बंद किया गया जिससे गोंदिया आमगांव आवागमन करने वाले वाहन चालकों के लिए परिवर्तित मार्ग का निर्देश दिया गया।






गौरतलब है कि गोंदिया आमगांव मार्ग पर जिला परिषद कार्यालय के समीप पांगोली नदी की पुलिया के निर्माण के चलते डायवर्सन मार्ग बनाया गया किंतु बारिश में डायवर्सन मार्ग की हालत खस्ता होने से प्रशासन द्वारा एतीहात के तौर पर भारी वाहनों व आवागमन के लिए मार्ग को बंद किया गया जिससे गोंदिया आमगांव का मुख्य मार्ग बंद हो गया। व परिवर्तित मार्ग छोटे वाहनों के लिए चुलोद -खमारी - आमगॉव व तुमखेड़ा - खमारी -भारी वाहनों के लिए गोरेगॉव -थाना आमगॉव रूट दिया गया।

### बार्बरीक कंस्ट्रक्शन कंपनी की लापरवाही

गोंदिया आमगांव के महामार्ग का निर्माण बार्बरीक कंस्ट्रक्शन द्वारा गत 2 वर्षों से अधिक समय से किया जा रहा है जिसमें जिलाधिकारी कार्यालय के पीछे से बहने वाली पांगोली नदी के पुलिया का निर्माण कार्य 1 वर्षों से किया जा रहा है। इस 1 वर्ष के दौरान गोंदिया आमगांव मार्ग पर परिवहन के लिए पर्याई मार्ग का निर्माण किया गया किंतु पहली बारिश में ही मार्ग की हालत खस्ता होने से कभी भी किसी भी प्रकार का हादसा घटित हो सकता है। जिसे देखते हुए प्रशासन द्वारा एतिहात के तौर पर रविवार 15 जुलाई को दूसरी बार भारी वाहन व यातायात के लिए मार्ग को बंद किया गया। जिससे उपरोक्त मार्ग पर गोंदिया आमगांव आवागमन करने वाले वाहन चालकों व यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष यह है कि उपरोक्त मार्ग से छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा भी लगी हुई है। लापरवाही का खामियाजा पूरी बारिश भुगतेंगे जिले वासी पहली बारिश में ही मार्ग बंद होने के बावजूद इसका हल नहीं निकला व 1 सप्ताह में दूसरी बार मार्ग बंद किया गया जिससे बारिश के चार माह में अधिकांश समय मार्ग बंद रहने की संभावना जताई जा रही है। इस लापरवाही का खामियाजा पूरी बारिश भुगतेंगे जिले वासी जिसके लिए जिम्मेदार कौन इस पर प्रश्नचिन्ह निर्माण हो रहा है जिले के नागरिकों को होने वाली इस परेशानी के लिए बार्बरीक कंस्ट्रक्शन कंपनी जिम्मेदार या प्रशासन जिन्होंने बारिश के पूर्व इस गंभीर समस्या को प्रमुखता से हल नहीं किया।



## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सभी किसानों को करें शामिल-जिलाधिकारी ने बैंकों को दिया निर्देश



**बुलंद गोंदिया।** फसल ऋण लेने वाले सभी किसानों से संपर्क कर फसल बीमा योजना में भाग लेने के लिए आवेदन पत्र भरवाया जाए तथा किसानों के ऋण खाते से एक रुपया काटा जाए तथा सभी शत-प्रतिशत फसल का भुगतान किया जाए। कर्जदार किसानों को फसल बीमा योजना में शामिल किया जाये.ऐसे निर्देश जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे ने सभी बैंकों को दिये। जिलाधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत सभी बैंकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी थी. इस अवसर पर जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी हिंदूराव चव्हाण, जिला पायनियर बैंक प्रबंधक नरेंद्र मडावी, नाबार्ड जिला प्रबंधक अविनाश लाड, आत्मा परियोजना निदेशक अजीत अडसुले मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान जिलाधिकारी ने अपील की कि जिन किसानों ने फसली ऋण नहीं लिया है वे सभी किसान एक रुपये देकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में भाग लें और ऑनलाइन पंजीकरण करायें। राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को राज्य में व्यापक फसल बीमा योजना के रूप में लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत किसान मात्र एक रुपये का भुगतान कर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि उक्त योजना ऋणी एवं गैर ऋणी कृषकों के लिए स्वैच्छिक है। इस अवसर पर कलेक्टर चिन्मय गोतमारे द्वारा फसल बीमा योजना की सूचना पत्रक का विमोचन किया गया। बैठक में कृषि अधिकारी पवन मेश्राम, फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि देवेन्द्र पुण्ड एवं सभी बैंकों के प्रमुख उपस्थित थे।

## मृतक की पत्नी को 2 लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान

**बुलंद गोंदिया**-दासगांव स्थित विदर्भ कोकण ग्रामीण बैंक में शाखा प्रबंधक किशोर सेलोकर द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत 2 लाख की बीमा राशि का चेक मृतक की पत्नी पूर्णिमा कारूलाल कोल्हाटकर तेढ़वा निवासी को प्रदान किया गया. इस योजना के तहत 436 रु. में 1 वर्ष के लिए 2 लाख का बीमा होता है. इस दौरान शाखा प्रबंधक किशोर सेलोकर, सहायक प्रबंधक शुभम मते, बैंक कैशियर संतोष सिंह, योगेश तुरकर, उपस्थित थे..



## कोसमतोंडी,बोळूंदा नाले पर निर्माणाधीन पुल की सड़क बाढ़ में बह गई तहसील का संपर्क टुटा



**बुलंद गोंदिया।** सड़क अर्जुनी तहसील में कोसमतोंडी,बोळूंदा थाडेझरी गांवों को जोड़ने वाले एकमात्र पुल का निर्माण पिछले 4-5 महीनों से चल रहा है। लेकिन बरसात के दौरान पुल का निर्माण कार्य ठप हो गया है। इससे नागरिकों, विद्यार्थियों एवं किसानों को असुविधा हुई है। आवागमन के लिए जो वैकल्पिक सड़क बनाई गई थी वह पहली बाढ़ में बह गई। थाडेझरी तक पहुंचने के लिए बोळूंदा ही एकमात्र रास्ता है। व कोसामातोडी के किसानो की बोळूंदा में कृषि भूमि होने से वे वहां खेती करते हैं, इसलिए उन्हें कृषि कार्य करने के लिए इसी नाले से होकर आना-जाना पड़ता है। इसके अलावा थाडेझरी, बोळूंदा के छात्र, किसान और नागरिक कृषि सामग्री और अन्य काम और शिक्षा के लिए इस मार्ग से आते-जाते हैं। पहली बाढ़ में, यातायात के लिए वैकल्पिक सड़क बह जाने से एक बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। - निर्माण पुल का निर्माण 5 माह पहले शुरू हुआ था, इसलिए पुल का निर्माण पूरा नहीं हो सका. ठेकेदार ने आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग का निर्माण कराया।

पहली बाढ़ में पानी के बहाव में वैकल्पिक सड़क बह जाने से छात्रों, किसानों और नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा है. फिलहाल खेती का मौसम चल रहा है और किसान बुआई कर रहे हैं. इसलिए किसानों के सामने यह सवाल खड़ा हो गया है कि बुआई के लिए ट्रैक्टर कहां ले जाएं। साथ ही, बोळूंदा थाडेझरी के छात्रों और नागरिकों ने पूछा है कि कैसे आना है। आवागमन का एक ही रास्ता होने के कारण बरसात के मौसम में यदि कोई बीमार पड़ जाए तो उसे इलाज के लिए कैसे ले जाया जाए, ऐसी कई समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं।

# गोंदिया नप टैक्स विभाग को लगा ताला कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से किया कम बंद

### कार्यालय जलमग्न, इमारत जर्जर,कर्मचारियों की जान को खतरा, रिकॉर्ड खराब होने की स्थिति में

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया नगर परिषद की शासकीय इमारत जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है बारिश होने पर पूरा कार्यालय जलमग्न हो गया तथा जगह-जगह प्लास्टर झड़ने से कर्मचारियों की जान को खतरा निर्माण होने के साथ ही रिकॉर्ड खराब होने की स्थिति में पहुंच रहा है। जिसे देखते हुए सोमवार 17 जुलाई को टैक्स विभाग के कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से काम बंद कर टैक्स विभाग को ताला लगा दिया वह मुख्याधिकारी को ज्ञापन देकर जल्द से जल्द सुधार करने की मांग की।

गौरतलब है की गोंदिया की नगर परिषद की इमारत 100 वर्ष से अधिक की हो चुकी है तथा इमारत जगह-जगह से जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है जिसके चलते कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

नगर परिषद की दूसरी मंजिल पर स्थित टैक्स विभाग का कार्यालय के सभी कक्ष जर्जर अवस्था में पहुंच चुके मामूली बारिश होते ही संपूर्ण कार्यालय में तालाब की स्थिति निर्माण हो जाती है , तथा दीवारों से तथा छत से टपकते पानी के कारण कर्मचारियों की बैठने की स्थिति भी नहीं रहती इसके साथ ही अनेक वर्षों के टैक्स विभाग के शासकीय रिकॉर्ड भी बारिश में भी खराब होने की स्थिति निर्माण हो गई है।इस स्थिति को देखते हुए सोमवार 17 जुलाई की सुबह जब कर्मचारी कार्यालय पहुंचे तो संपूर्ण कार्यालय परिसर जल मग्न हो चुका था इस गंभीर स्थिति में काम न करने का निर्णय लेकर टैक्स विभाग की अधीक्षक विशाल बनकर के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से काम बंद करने का निवेदन मुख्याधिकारी को दिया गया तथा जल्द से जल्द उपरोक्त इमारत का सुधार कार्य करने की मांग की।






क्योंकि इस स्थिति में कभी भी गंभीर हादसा घटित होने के साथ ही कर्मचारी अथवा टैक्स विभाग में आने वाले नागरिको के जख्मी होने की संभावना बनी हुई हैं। साथ ही नगर परिषद टैक्स विभाग असिसमेंट विभाग व शिक्षा विभाग का बरसों पुराना वह वर्तमान का रिकॉर्ड भी खराब होने की संभावना निर्माण हो गई है।

उल्लेखनीय हैं की 2 वर्ष पूर्व टैक्स विभाग कार्यालय की छत पर लगी हुई पीओपी के सीलिंग अचानक भरभरा कर गिर गई थी हालांकि इस घटना में कोई भी कर्मचारी जख्मी तो नहीं हुआ किंतु एक बड़ा हादसा होते होते टल गया ऐसा हादसा कभी भी घटित हो सकता है क्योंकि पानी टपकने के चलते जर्जर हो चुकी छत से कभी भी प्लास्टर या छत गिर सकती है।

बांधकाम विभाग की लापरवाही इमारत के रखरखाव की जिम्मेदारी गोंदिया नगर परिषद के बांधकाम विभाग की है किंतु विभाग की लापरवाही के चलते यह स्थिति निर्माण हुई है सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बारिश शुरू होने के पूर्व ही बांधकाम विभाग को इस की जानकारी देकर सुधार कार्य करने की मांग की गई थी लेकिन इस ओर अनदेखी करने के चलते सुधार कार्य नहीं हुआ जिससे आज ताला बंद करने की स्थिति निर्माण हो गई।

सुधार कार्य के निर्देश टैक्स विभाग की इमारत जर्जर होने से पानी भरने की स्थिति निर्माण हो गई थी जिसे जल्द से जल्द सुधार कार्य करने का निर्देश दिया गया है वह मंगलवार से टैक्स विभाग का कार्यालय नियमित शुरू रहेगा ।

**- करण चौहान प्रशासक व मुख्याधिकारी नगर परिषद गोंदिया**

## जेईई, निट, एमएचटी-सीईटी परीक्षापूर्व प्रशिक्षण पंजीकरण की समय सीमा 30 जुलाई तक बढ़ी

**बुलंद गोंदिया।** महात्मा ज्योतिबा फुले अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (महाज्योति) नागपुर ओबीसी, वीजेएनटी के इच्छुक और योग्य छात्रों से जेईई, निट , एमएचटी-सीईटी-2025 की तैयारी के लिए मुफ्त ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान करने वाला राज्य सरकार का एक स्वायत्त संस्थान है।

एसबीसी संवर्ग। नोटिस बोर्ड में उपलब्ध आवेदन प्रशिक्षण मोड के माध्यम से वेबसाइट www.mahajyoti.org.in पर 15 जुलाई 2023 तक ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। हालाँकि, अब छात्रों की मांग के अनुसार और उनके भविष्य को देखते हुए, महाज्योति अब छात्रों को जेईई, एनईईटी, एमएचटी-सीईटी-2025 प्री-कोचिंग के लिए नए सिरे से आवेदन करने के साथ-साथ अपलोड करने की समय सीमा 30 जुलाई 2023 तक बढ़ा रही है। 11वीं विज्ञान प्रवेश एवं अन्य दस्तावेज। आवेदन पत्र एवं विस्तृत जानकारी उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है। छात्रों को ध्यान देना चाहिए कि डाक, व्यक्तिगत रूप से या ई-मेल द्वारा प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### उपचार के दौरान वृद्ध की मृत्यु

**गोंदिया** -गोंदिया ग्रामीण थानांतर्गत ग्राम आसोली निवासी गोविंद गेंदलाल ठाकुर (65) की तबीयत खराब होने पर उसे 10 जुलाई को केटीएस अस्पताल में भरती किया गया था। इस दौरान 17 जुलाई को उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। गोंदिया ग्रामीण पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच पुलिस हवलदार बोहरे कर रहे है।

## ट्रेन से कटकर वृद्ध की मृत्यु

**गोंदिया** -गोंदिया ग्रामीण थानांतर्गत दागोटोला निवासी फरियादी घनश्याम हत्तीराम तुमसरे (26) व हत्तीराम सोमा तुमसरे (62) 16 जुलाई को भोजन करने के बाद सो गए थे। इस दौरान 17 जुलाई को सुबह उठने पर फरियादी को हत्तीराम तुमसरे घर में दिखाई नहीं दिया। तब फरियादी ने उसकी काफी खोजबीन की। इसके बाद ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर फरियादी गोंदिया- आमगांव रेल लाईन पर पहुंचा तब उसे हत्तीराम तुमसरे का शव ट्रेन से कटा हुआ मिला।

फरियादी की रिपोर्ट पर गोंदिया ग्रामीण पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच पुलिस हवलदार मेश्राम कर रहे हैं।

## संपादकिय...

# अंतरिक्ष में ऊंची उड़ान

भारत ने अंतरिक्ष में ऊंची उड़ान भरते हुए चंद्रयान-3 को लॉन्च किया है। ये 23-24 अगस्त तक चांद पर उतर सकता है। अगर भारत का ये मिशन सफल होता है, तो अंतरिक्ष के क्षेत्र में लंबी छलांग सिद्ध होगी। इसरो ने शुक्रवार को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से अपने चंद्रयान-3 को चांद के लिए रवाना कर दिया और इसके साथ ही आम भारतीयों ने 23-24 अगस्त का इंतजार शुरू कर दिया है, जब इसे चांद की सतह पर उतरना है। पिछला मिशन यानी चंद्रयान-2 हर चरण को सफलतापूर्वक पार करने के बाद इसी में नाकाम हो गया था। सॉफ्ट लैंडिंग करने के बजाय वह तेजी से चांद की सतह से जा टकराया और क्षतिग्रस्त हो गया। बड़ी बात यह कहिए कि न तो वह नाकामी हमारे मनोबल को कमजोर कर सकी और न ही उसने हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम की संभावनाओं को प्रभावित किया। यह सही है कि चंद्रयान-2 के बाद चंद्रयान-3 को रवाना करने में चार साल लगे, जिसे बहुत कम नहीं कहा जा सकता, लेकिन इस बीच कोरोना महामारी से उपजी चुनौतियां भी हमारे रास्ते में आईं थीं। बहरहाल, हमारे संकल्प के सबूत के तौर पर चंद्रयान-3 अंतरिक्ष में जा चुका है। निश्चित रूप से इस मिशन की कामयाबी काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन यह एक लंबे सिलसिले की बस शुरुआत है। चांद पर इसकी सफल सॉफ्ट लैंडिंग भारत को उन देशों के क्लब में सम्मानपूर्ण प्रवेश देगी जिसके अभी सिर्फ तीन सदस्य हैं- अमेरिका, रूस और चीन। भारत ऐसा करने वाला चौथा देश होगा। लेकिन इससे बड़ी बात यह है कि यह मिशन इसरो के आगामी अंतरिक्ष अभियानों का रास्ता साफ करेगा। सूर्य के अध्ययन के लिए आदित्य एल इसी साल लॉन्च किया जाना है। पृथ्वी के वातावरण और उसकी सतह के अध्ययन के लिए अमेरिका के साथ एक जॉइंट मिशन 2024 में तय है और अंतरिक्ष में भारत का पहला मानव मिशन गगनयान 2025 में छोड़ा जाना है। ध्यान रहे, इसी साल 21 जून को भारत ने अमेरिका की अगुआई वाले संयुक्त चंद्र अभियानों से जुड़े आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इससे जहां भारत को स्पेस टेक्नॉलजी में अमेरिकी महारत का फायदा मिलेगा, वहीं इसरो के कॉस्ट इफेक्टिव लॉन्च फैसिलिटी का भी बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सकेगा। यही नहीं, समझौते में शामिल अन्य देशों - फ्रांस, जापान और ऑस्ट्रेलिया- के साथ भी करीबी सहयोग का मौका मिलेगा। इस बीच देश में स्पेस एक्सप्लोरेशन का जो इकोसिस्टम विकसित हुआ है, उसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। गौर करने की बात है कि चार साल पहले यानी चंद्रयान-2 लॉन्च किए जाते समय देश में स्पेस सेक्टर की मात्र 10 स्टार्टअप कंपनियां थीं। अब इनकी संख्या बढ़कर 140 हो गई है। इसरो ने सुविचारित ढंग से स्पेस सेक्टर में प्राइवेट कंपनियों के लिए गुंजाइश बनाई है जिसका एक फायदा यह भी है कि वह अब अपनी ऊर्जा स्पेस साइंस से जुड़े कोर एरिया में केंद्रित कर सकेगा। जाहिर है यह नया क्षेत्र भारत के सामने खुल रहा है और उसे इसमें बहुत आगे जाना है।

# अब घुड़दौड़, जुआघरों और आनलाइन गेमिंग पर अट्ठाईस फीसद जीएसटी का करना पड़ेगा भुगतान

## यह कर किसी भी प्रतिभागी की ओर से लगाए जाने वाले दांव की पूरी रकम पर लगेगा

वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी की प्रणाली अमल में आने के बाद कारोबार जगत में नियमन का एक तंत्र लागू हुआ है और इसके बाद सरकार के राजस्व के दायरे में भी विस्तार हुआ है। लेकिन अब भी ऐसे क्षेत्र में हैं, जिनमें कर के अलग-अलग स्तर का नियम लागू होने को लेकर अस्पष्टता रही है और उस पर कई हलकों से बोझ घटाने की मांग भी हुई है।

हालांकि केंद्र सरकार ने आम लोगों के हित को देखते हुए आवश्यक वस्तुओं से संबंधित कारोबार में कर निर्धारण के मामले में कई स्तरों पर रियायत बरती है, लेकिन किसी व्यवसाय की प्रकृति को देखते हुए उसमें टैक्स के अनुपात को ऊंचा भी रखा गया है। गौरतलब है कि मंगलवार को जीएसटी परिषद की पचासवीं बैठक में यह फैसला लिया गया कि अब घुड़दौड़, जुआघरों और आनलाइन गेमिंग में अट्ठाईस फीसद की दर से जीएसटी का भुगतान करना पड़ेगा।

यह कर किसी भी प्रतिभागी की ओर से लगाए जाने वाले दांव की पूरी रकम पर लगेगा। हालांकि गोवा की ओर से आनलाइन गेमिंग के मंच फीस को कम करके अठारह फीसद जीएसटी लगाने की मांग की गई थी, लेकिन इस सिफारिश पर अन्य पक्ष सहमत नहीं हुए। यों बैठक में इस मसले पर आमतौर पर सभी के बीच सहमति बनी कि कौशल और मौके के खेल के बीच अंतर नहीं किया जाना चाहिए।दरअसल, घुड़दौड़, जुआघरों और आनलाइन गेमिंग अब संगठित रूप से भी संचालित किए जा रहे हैं। लेकिन इसका एक पहलू यह भी है कि इसे विलासिता संबंधी आवश्यकता के दायरे में रख




कर देखा जाता है। शायद यही वजह है कि इसमें लगाई गई दांव की राशि पर कर का स्तर ऊंचा रखने की जरूरत महसूस हुई।

मगर इसके साथ यह सवाल भी है कि अगर सरकार एक ओर जुए, सट्टेबाजी और आनलाइन खेलों को लेकर सख्त रुख अख्तियार करती है, तो इसमें दांव की राशि पर टैक्स की दर तय करने से क्या परोक्ष रूप से इसे स्वीकृति देने का भाव नहीं पैदा होता है! गौरतलब है कि करीब तीन महीने पहले सरकार ने जुए, सट्टेबाजी और आनलाइन गेम खेलने के विज्ञापनों के खिलाफ एक परामर्शी चेतावनी जारी की थी, जिसमें सट्टेबाजी से जुड़े मंचों को बढ़ावा न देने की सलाह दी गई।

इसमें एक ऐसा ढांचा खड़ा करने की भी बात कही गई थी कि अगर किसी आनलाइन खेल को अनुमति दी जाती है तो यह ध्यान रखा जाएगा कि उसमें किसी भी तरह से दांव या बाजी लगाने की प्रवृत्ति शामिल नहीं है।

संभव है कि जिस कोण से जुआघर, घुड़दौड़ और आनलाइन गेम में दांव की राशि में जीएसटी तय करने की बात की गई है, उसका आधार यह हो कि सरकार की ओर से जिन कसौटियों पर इन खेलों को स्वीकृति दी गई है, उनके मामले में नया नियम लागू होगा। लेकिन अगर मौके के किसी खेल में सट्टेबाजी का चलन है या फिर कोई दांव लगाया जाता है तो कौशल आधारित खेलों के समांतर उनकी प्रकृति में कैसे फर्क किया जा सकता है!

दरअसल, जुआ, सट्टेबाजी और आनलाइन गेम का दायरा इतना बड़ा हो चुका है कि उसे लेकर सरकार को विस्तृत और स्पष्टता पर आधारित नियम बनाने की जरूरत है। कर निर्धारण से ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि अगर सरकार किसी काम को प्रतिबंधित करती है तो उसे लेकर वह स्पष्ट है कि इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।

किसी कारोबार में नियमन को ठोस स्वरूप देना जरूरी है, लेकिन उससे अगर गलत तरीके से भ्रम पैदा होता है और उसका फायदा गैरकानूनी तरीके से अपना धंधा चलाने वाले उठाते हैं तो ऐसे मामले में एक स्पष्ट नीति होनी चाहिए।

# यशवन्तराव चव्हाण मुक्त वसाहत योजना व धनगर समुदाय के लिए व्यक्तिगत घरकुल योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**बुलंद गोंदिया**-धनगर समुदाय के लिए यशवन्तराव चव्हाण मुक्त वसाहत योजना एवं व्यक्तिगत घरकुल योजना अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्गत सहायक आयुक्त, समाज कल्याण कार्यालय के माध्यम से क्रियान्वित की जाती है।

### यशवंतराव चव्हाण मुक्त वसाहत योजना

विमुक्त जातियों एवं घुमंतू जनजातियों की श्रेणियों के परिवारों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने, उनकी आय के स्रोत को बढ़ाने और उनके लिए स्थिरता प्राप्त करने के उद्देश्य से यशवंतराव चव्हाण मुक्त कॉलोनी योजना है। अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्गत विमुक्त जातियों एवं घुमंतू जनजातियों की श्रेणी के लिए क्रियान्वित किया जा रहा है। उक्त योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम 10 परिवारों के लिए सामूहिक बंदोबस्ती योजना लागू कर रमाई आवास योजना की तर्ज पर व्यक्तिगत रूप में लाभ दिया जाता है.

### धनगर समुदाय के लिए व्यक्तिगत घरकुल योजना

धनगर समुदाय के समग्र विकास और स्थिरता के लिए घुमंतू जनजाति-सी श्रेणी के धनगर समुदाय के लोगों के लिए राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में घरकुल योजना लागू की गई है।

लाभार्थी को आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज जमा करने होंगे। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र कि परिवार की वार्षिक आय 1 लाख 20 हजार रुपये से कम है। महाराष्ट्र राज्य में निवास के संबंध में अधिवास प्रमाण पत्र। 100 रुपये के स्टांप पेपर



पर शपथ पत्र जिसमें कहा गया हो कि परिवार के किसी भी सदस्य ने महाराष्ट्र राज्य में किसी अन्य स्थान पर घरकुल योजना का लाभ नहीं उठाया है। लाभार्थी परिवार के स्वामित्व वाले घर/प्लॉट का प्रमाण- फॉर्म-8/सत्रह उद्धरण/दस्तावेज़ पंजीकरण की प्रतिलिपि। सक्षम प्राधिकारी से प्रमाण पत्र कि लाभार्थी सामाजिक, आर्थिक और जाति सर्वेक्षण 2011 (एसईसीसी-2011) प्राथमिकता सूची के मानदंडों से बाहर है। प्रमाण पत्र कि लाभार्थी परिवार एक छोटा धारक है। आवेदक का आधार पहचान पत्र। आवेदक का बैंक पासबुक. प्रमाण में राशन कार्ड, जॉब कार्ड, हाउस टैक्स रसीद होनी चाहिए।उक्त घरकुल योजनाओं के लिए योग्य आवेदकों को अपने प्रस्ताव संबंधित पंचायत समिति के समूह विकास अधिकारी के माध्यम से सहायक आयुक्त, समाज कल्याण कार्यालय, डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर सामाजिक न्याय भवन, कलेक्टोरेट के पीछे, पतंगा मैदान, गोंदिया में 31 जुलाई 2023 तक जमा करने चाहिए। ऐसी अपील समाज कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त विनोद मोहतुरे ने की है।

# भारतीय बौद्ध महासभा दासगाव सर्कल का गठन

## » अध्यक्ष राजेश मेश्राम, कोषाध्यक्ष रूद्रसेन खांडेकर,महासचिव प्रकाश गजभिए नियुक्त

**बुलंद गोंदिया। ( विजेन्द्र मेश्राम खातिया )**- विश्व को शांती का संदेश देनेवाले प्रज्ञा शील करूणा इन मानवीय मूल्यों की स्थापना करने वाले तथागत गौतम बुद्ध व समता बंधुता न्याय के प्रतिक महामानव बोधिसत्व परम पूज्य डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर इनके द्वारा स्थापित भारतीय बौद्ध महासभा के माध्यम से तथागत गौतम बुद्ध के धम्म व बाबासाहेब के विचारो को समाज के प्रत्येक नागरिक तक धम्मदेशना के माध्यम से पहुचाने उद्देश्य लेकर भारतीय बौद्ध महासभा तहसील सर्कल शाखा के अंतर्गत ग्राम शाखा मे धम्म का प्रचार प्रसार के लिए भारतीय बौद्ध महासभा गोंदिया तहसील के नेतृत्व मे भारतीय बौद्ध महासभा दासगाव सर्कल का पुनर्गठन सभा 16 जुलाई रविवार को तहसील के ग्राम गीरोला मे भारतीय बौद्ध महासभा पुर्व तहसील अध्यक्ष लिखनदास नदांगवली इनके निवास स्थान पर ली गई। सभा के शुरूआत मे संम्पुर्ण विश्व को शांती का मार्ग देने वाले तथागत गौतम बुद्ध व भारतीय संविधान रचयेता बोधिसत्व परम पूज्य डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दिप प्रज्वलीत कर पुजा वंदना की गयी इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा तहसील शाखा अध्यक्ष एन.एल. मेश्राम की अध्यक्षता मे सर्कल शाखा पुनर्गठन किया लिया गया। इस दौरान प्रमुख पर्यवेक्षक के रूप मे जिला अध्यक्ष देवाराम मेश्राम, जिला कोषाध्यक्ष राजेश मेश्राम, जिला संघटक प्रकाश डोंगरे, कार्यालयीन सचिव राजेन्द्र मेश्राम, प्रमुख उपस्थिति मे शहर शाखा महासचिव भीमराव बन्सोड, पुर्व तहसील कोषाध्यक्ष अध्यक्ष प्रफुल लांजेवार, पुर्व तहसील अध्यक्ष लिखनदास नदांगवली, विजय गढ़पाले, कोमल नंदागवली, मनोहर भावे , महीला उपाध्यक्ष ?कंचनाताई मेश्राम,कामठा सर्कल महासचिव विजेंद्र मेश्राम,मयाराम गजभिए, विजय मेश्राम उसी प्रकार ग्राम शाखा पदाधिकारी व बौद्ध उपासक -उपाशीका प्रमुखता से उपस्थित थे सभा मे दासगाव सर्कल? का गठन किया गया इसमे सर्कल अध्यक्ष पद पर राजेश मेश्राम पाढंराबोडी, महासचिव पद पर प्रकाश गजभिये तेडवा, कोषाध्यक्ष रुद्रसेन खांडेकर किन्ही, संस्कार उपाध्यक्ष महेन्द्र बोरकर रायपुर, पर्यटन उपाध्यक्ष प्रकाश गजभिये दासगाव, संरक्षक उपाध्यक्ष अनिल मेश्राम किन्ही की नियुक्ती की गयी। नियुक्ति पर तहसील अध्यक्ष एन.एल.मेश्राम, कोषाध्यक्ष विजय गढ़पाले, महासचिव कोमलकुमार नंदागवली सचिव मनोहर भावे,हिशोब तपासनीस विजेंद्र मेश्राम, कार्यालयीन सचिव कामठा विजय मेश्राम, मयाराम गजभिए आदि ने बधाई दी जिला अध्यक्ष देवाराम मेश्राम ने मार्गदर्शन करते हुए बताया कि यह भारतीय बौद्ध महासभा राष्ट्रीय संरक्षण महाउपासिका मिराताई आम्बेडकर, ट्रस्टी चेयरमेन हरीश रावलीया,राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रबोधी पाटील, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष डॉ.भीमराव आंबेडकर इनके मार्गदर्शन मे चलाइ जा रही है इसमे 24 प्रकार के शिबीरो का आयोजन कर धम्म कार्य किया जा रहा है।



# नागरिकों के लिए सिरदर्द बना तिरखेड़ी-साकरीटोला मार्ग

**सालेकसा**-सालेकसा तहसील मुख्यालय सहित जिला मुख्यालय एवं राष्ट्रीय महामार्ग क्रमांक 6 को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग तिरखेडी-साकरीटोला मार्ग है। रोजना इस मार्ग से सैकड़ों वाहन दौड़ते हैं। इसके अलावा छात्र किसान के साथ ही नागरिकों के लिए यह मार्ग महत्वपूर्ण है। लेकिन इस मार्ग पर सायतिरखेडी तक मार्ग पूरी तरह पिछले दो साल से गड्ढों में तब्दील हो गया है।पिछले दो सालों में कई वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। पिछले 7 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत यह मार्ग बनाया गया था। उस समय से ही इसके घटिया निर्माण को लेकर कई सवाल उपस्थित हुए। ग्राम पंचायत स्तर पर इसका विरोध हुआ लेकिन जैसे-तैसे यह मार्ग बन गया किंतु 5 साल के अंदर ही मार्ग पर गड्ढे पड़ने लगे लेकिन इसकी दुरूस्ती को लेकर ना ठेकेदार और ना ही संबंधित विभाग ध्यान दे रहा है। नतीजा अब तो पुरी सड़क ही गढ़ों में तब्दील हो गई है। मार्ग के सुधार की मांग को लेकर स्थानीय विधायक सहषराम कोरोटे सहित जिप सदस्य विमल कटरे, वंदना काडे, पंस सदस्य रेखा फुंडे ने निवेदन सौंपा। इसके बावजूद संबंधित विभाग नहीं जागा । इस पर संबंधित विभाग को नींद से जगाने विधायक सहषराम कोरोटे, जिप सदस्य विमल कटरे, वंदना काडे, छाया नागपुरे, पंस सदस्या रेखा फुंडे के नेतृत्व में भजन दिंडी रस्ता रोको आंदोलन किया। इसमें खुद जिप सदस्य, पंस सदस्यों ने घमेला, फावड़ा हाथ में लेकर मार्ग के गड्ढों में रोपाई कर संबंधित विभाग को नींद से जगाने का प्रयास किया। तब संबंधित विभाग के अधिकारियों ने मार्ग के गड्ढे भरने का आश्वासन दिया था जो कि अब तक पूरा नहीं हुआ।



# सेवानिवृत्त कर्मियों ने सरकार से लगायी गुहार

## हमें नहीं बेरोजगारों को दे दो नौकरी

गोदिया-हाल ही में शासन द्वारा एक निर्णय जारी किया गया है कि जिला परिषद स्कूलों में शिक्षक भर्ती की जाएगी। जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षकों को ही नौकरी के लिए पात्र रखा जाएगा। इस निर्णय से राज्य में सुशिक्षित बेरोजगार डी. एड., बी.एड. करने वाले पात्रताधारकों में तीव्र असंतोष निर्माण हो गया और इस निर्णय को रद्द करने की मांग की गई। बेरोजगारों की मांगों को ध्यान में रखते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन ने भी अपनी सहमति दशति हुए मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर गुहार लगाई की सेवानिवृत्त शिक्षकों को नौकरी न दी जाए बल्कि डी. एड., बी.एड. पात्रताधारक सुशिक्षित बेरोजगारों को नौकरी के लिए पात्र किया जाए। इस तरह का पत्र 18 जुलाई को को सरकारी, गैर सरकारी, सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन सड़क अर्जुनी की ओर से के माध्यम से सीएम के नाम भेजा गया। है। इस दौरान संगठन के भाउराव यावलकर आर.बी.नेश्राम, नदनलाल चुरहे, राउत, जहाने, गजभिए, हीरालाल राउत, डा.पी.पी.मारगाये, के.पो.उपरीकर आदि उपस्थित थे।



# तुलसी नगर में घुसा बारिश का पानी

**सड़क अर्जुनी** -ग्राम कोहमारा के तुलसीनगर परिसर में कुछ लोगो के घरों में बारिश का पानी घुस गया है। जिससे वे घर के बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। बारिश का पानी बस्ती में घुसने के बाद भी निर्माणकार्य विभाग इस ओर अनदेखी कर रहा है। हर वर्ष बारिश के समय यह समस्या उत्पन्न होती है। इस समस्या की शिकायत किससे करें, यह सवाल तुलसीनगरवासियों के समक्ष खड़ा है। सड़क अर्जुनी शहर का गंदा पानी तुलसीनगरवासियों के घरों में घुसने से नागरिकों के स्वास्थ्य पर विपरित परिणाम होने की आशंका जताई जा रही है। तलसीनगर निवासी सोहनलाल ब्राह्मणकर, शेखर पटले, देशमुख गुरुजी, दिनेश हुकरे, ओंकार राखडे, वाल्मीकि राखडे, मुनेश्वर उपरीकर आदि लोगों के घरों में गदा पानी जाने से वे परेशान हो गए हैं। सार्वजनिक निर्माणकार्य विभाग द्वारा कोहमारा से सड़क अर्जुनी तक दोनों ओर बड़े नाले तैयार करना चाहिए। सार्वजनिक निर्माणकार्य विभाग के अधिकारी इसी मार्ग से आना-जाना करते हैं। तुलसीनगर की समस्या भी उन्हें दिखाई देती है।

# जिप शालाओं में 220 स्वयंसेवकों की होगी भर्ती

## मानधन पर होंगे 66 लाख रुपए खर्च

**बुलंद गोंदिया**-गोंदिया जिला परिषद की स्कूलों में शिक्षकों के सैकड़ों रिक्त पद होने से शिक्षा का बंटाढार हो रहा है। शिक्षकों की कमी से विद्यार्थियों को शैक्षणिक नुकसान पहुंच रहा है। जिसे देखते हुए जिला परिषद प्रशासन ने जिन स्कूलों में शिक्षकों की जरूरत है ऐसी स्कूलों में 220 स्वयंसेवकों की नियुक्ति किए जाने का निर्णय लिया है। जिला परिषद प्रशासन को स्वयंसेवकों के मानधन के लिए 66 लाख रुपए का बोझ उठाना पड़ेगा। बता दें कि जिप स्कूलो में लगभग 900 शिक्षकों के पद रिक्त हैं। रिक्त पदों से विद्यार्थियों को शैक्षणिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिले की अधिकांश स्कूलों की स्थिति ऐसी है कि 1 शिक्षक 3 से 4 कक्षाओं को संभाल रहा है। यही एक कारण है कि जिला परिषद स्कूल के विद्यार्थी शिक्षा में पिछड़ रहे हैं। गोंदिया जिला परिषद प्रशासन ने एक निर्णय लिया है कि जिन स्कूलों में शिक्षकों की आवश्यकता है ऐसी स्कूलों की सूची तैयार कर उन स्कूलों में गांव के ही पात्रताधारक उम्मीद्वारों को स्वयंसेवक पद पर नियुक्त किया जाएगा। इस निर्णय के तहत गोंदिया जिले की 220 स्कूलों का चयन किया गया है जहां पर जल्द ही शाला प्रबंधन समिति के नियंत्रण में स्वयंसेवकों की भर्ती ली जाएगी। जिसके मानधन की जिम्मेदारी गोंदिया जिला परिषद पर रहेगी। बताया गया है कि चयनित स्वयंसेवकों को 10 माह के लिए स्वयं सेवक पद पर काम करना होगा।



# हर बूथ पर यूथ की संकल्पना के साथ राष्ट्रवादी का पार्टी विस्तार पर जोर- पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन



**बुलंद गोंदिया।** सडक अर्जुनी तहसील की कोहमारा स्थित एरिया 51 जनसंपर्क कार्यालय एवं अर्जुनी मोरगाव तहसील की आरीकर सभागृह मे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी युवक पदाधिकारी व कार्यकर्ता सभा में युवाओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन ने कहा, युवा ही पक्ष, संगठन की असली ताकत है। राष्ट्रीय नेता सासंद श्री प्रफुल पटेल ने राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक व रोजगार स्तर पर युवाओं के लिए सदैव कटिबद्धता से संकल्पित होकर कार्य किया है तथा आगे भी निरन्तर करते रहेंगे। इसी के तहत राष्ट्रवादी कांग्रेस के युवाओं को हर बूथ पर युथ संकल्पना के साथ पक्ष को मजबूत करने की जरूरत है। सडक अर्जुनी तहसील की कोहमारा स्थित एरिया 51 जनसंपर्क कार्यालय एवं अर्जुनी मोरगाव तहसील की आरीकर सभागृह मे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी युवक पदाधिकारी व कार्यकर्ता बैठक पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन, विधायक मनोहर चंद्रिकापूरे, गंगाधर, जिला उपाध्यक्ष यशवंत गणवीर, राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष केतन तुरकर की उपस्थिति में संपन्न हुई। विधायक श्री मनोहर चंद्रिकापुरे अपने संबोधन मे कहा, युवा उत्साह व ऊर्जा से कार्य करे तो परिवर्तन लाने की क्षमता रखता हैं। पक्ष विस्तार के लिये युवाओं को जिम्मेदारी देना पार्टी का कर्तव्य है। इस अवसर पर राजेंद्र जैन, मनोहर चंद्रिकापुरे परशूरामकर, यशवंत गणवीर, केतन तूरकर, किशोर तरोने, डॉ अविनाश काशिवार, लोकपाल गहाने, डॉ रुकिराम वाढई, शिवाजी गाहाने, डॉ अजय लांजेवार, रजनी गिरहेपूंजे, लता गाहणे, मंजू डोगरवार, राकेश जयस्वाल, नामदेव डोंगरवार, नारायण भेंडारकर, सुशिला हलमारे, पुष्पलता दुरुगकर, आम्रपाली डोंगरवार, कविता ठवरे, अनिषा पठाण, माधुरी पिंपलकर, सुनीता जयस्वाल, मनीषा लाडे, रेखा पालीवाल, शालू बनपुरकर, जया भजे, उद्धव मेहंदळे, प्रमोद डोंगरे, निप्पल बरय्या, नीलकंठ फुले, भोजराम रहेले, रवी बनपुरकर, राजेन्द्र जांभूळकर, धनराज खंडाईत, अजय सहारे, श्यामराव बोकडे, वीरेंद्र जीवनी, संजय उजवणे, ऋषी पुस्तोडे, पतिराम रावजी, आकाश ठवरे, ओमकार खुणे, संजय ईखार, शालीकराम हातझडे, त्रिसरण सहारे, विनोद सहारे, आनंद तिरपुडे, देवराम कोडापे, गुलाब मडावी, रमेश गाहने, श्यामराव वासनिक, श्रीराम झिंगरे, शेखर चांदेवार, सदाराम लाडे, आस्तिक परशुरामकर, ईश्वर कोरे, दिनेश दखणे सहीत युवक व पक्ष पदाधिकारी कार्यकर्ते उपस्थित थे।

# गोंदिया आमगांव पांगोली नदी के निर्माणाधीन पुलिया का कार्य जल्द से जल्द करें पूर्ण अन्यथा तहसील महिला कांग्रेस करेगी चक्का जाम आंदोलन



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया आमगांव महामार्ग पर जिलाधिकारी व जिला परिषद कार्यालय के पीछे से बहने वाली पांगोली नदी के ऊपर के पुल का कार्य एक वर्ष से चल रहा है किंतु अब तक पूर्ण न होने से बारिश के दौरान आमगांव गोंदिया का संपर्क टूट जाता है तथा बनाए गए पर्याय मार्ग का भी उपयोग बारिश के दौरान नहीं आ पाता। जिसे देखते हुए तहसील महिला कांग्रेस समिति द्वारा जिलाधिकारी को निवेदन देकर जल्द से जल्द पुलिया निर्माण करने की मांग की अन्यथा 25 जुलाई के पश्चात रास्ता रोको आंदोलन की चेतावनी दी। गौरतलब है कि गोंदिया से आमगांव तक के महामार्ग का निर्माण कार्य राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत निर्माण किया जा रहा है जिसमें संबंधित ठेकेदार कंपनी बार्बरीक कंस्ट्रक्शन द्वारा एक वर्ष से पांगोली नदी की पुलिया का निर्माण कछुआ गति से किया जा रहा है। निर्माण के दौरान पर्यायी मार्ग बनाया गया है किंतु बारिश में वह मार्ग बंद हो जाता है जिसके चलते गोंदिया से आमगांव- सालेकसा- दर्रेकसा- देवरी व छत्तीसगढ़ का मार्ग संपर्क टूट जाता है। जिससे हजारों नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपरोक्त विषय पर प्रशासन व जनता के जनप्रतिनिधियों द्वारा किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं किया उनकी इस अनदेखी के चलते जिले के नागरिकों में आक्रोश निर्माण हो रहा है। इस गंभीर विषय को लेकर मंगलवार 18 जुलाई को गोंदिया तहसील महिला कांग्रेस के अध्यक्ष अनीता मुनेश्वर के नेतृत्व में जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन देकर जल्द से जल्द पुलिया के निर्माण का कार्य पूर्ण करने की मांग की अन्यथा 25 जुलाई के पश्चात रास्ता रोको आंदोलन की चेतावनी दी। इस अवसर पर प्रदेश सचिव अमर वराडे, तहसील महिला अध्यक्षअ निता मुनेश्वर, सूर्यप्रकाश भगत, शहराध्यक्ष जहिर अहमद, पूर्व प्रदेश सचिव विनोद जैन, सेवादल जिल्हाध्यक्ष इंजि राजीव ठकरेले, किसान काँग्रेस जिल्हाध्यक्ष जितेश राणे, एनएसयूआई जिलाअध्यक्ष हरिश तुळसकर, पूर्व युवक काँग्रेस जिल्हाध्यक्ष आलोक मोहंती, तालुका महासचिव रंजीत गणवीर, ओबीसी जिला महासचिव जीवन सरनागत, महिला जिल्हा संघटिका रूपाली ऊके, चित्रा लोखंडे, निलिमा नागदवने, नामदेव वैद्य, ग्रामपंचायत सदस्य खमारी अश्विनीताई गायधने, सुरेश चौरागडे, प्रकाश डहाट, सुमित शेंडे, राजेंद्र चिंधालोरे, अमन तिगाला, कृष्णा बीभर, लोकनायक राहांगडाले, प्रकाश ब्राह्मणकर, जायद सोलंकी, सोमेश्वर ठकरेले, मंथन नंदेश्वरआदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिप अध्यक्ष पंकज रहांगडाले के जन्मदिवस के अवसर पर कर्मचारी संघ ने 501 शैक्षणिक साहित्य भेंट किया



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिला परिषद के अध्यक्ष पंकज रहांगडाले के जन्मदिवस के अवसर पर जिला परिषद कर्मचारी महासंघ द्वारा 501 शैक्षणिक साहित्य इस अवसर पर भेंट कर एक नया उपक्रम शुरू किया, वह जिला परिषद अध्यक्ष की अपील को उत्साह पूर्ण प्रतिशद दिया। इस अवसर पर कर्मचारी महासंघ के संतोष तोमर, अशोक बागडे, सौरभ अग्रवाल, यू टी मानकर, सुभाष खत्री, चंदू धपाड़े, गोपाल शर्मा, तेजस्विनी चेटुले, चित्रा ठेंगरी,हेमराज मदनकर, नंदलाल कावड़े, आनंद चरजे, पायल पटेल ,गीतेश तिजारे ,शैलेश खापर्डे ,प्रफुल्ल धमगाये, भागीरथ नेवारे,, बलराम साखरे, अभिजीतबोपचे,पी.जी.शहारे, शैलेश बैस, कमलेश बिसेन उपस्थित थे।

# यात्री बसों की जांच 140 के खिलाफ कार्रवाई




**गोंदिया**-हाल के दिनों में यात्री बसों की बढ़ती दुर्घटनाओं के मद्देनजर उप क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के माध्यम से एक विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है. इसमें यात्री बस में स्पीड कंट्रोलर, आपातकालीन द्वार, अग्निशमन प्रणाली, प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स और दस्तावेजों की वैधता की जांच की जा रही है और इसके साथ ही ब्रेथलाइजर के माध्यम से चालक के शराब पीने की भी जांच की जा रही है। शिरपुर देवरी सीमा चेक पोस्ट पर 232 अंतरराज्यीय चलने वाली बसों का निरीक्षण किया गया और 140 दोषी बसों के खिलाफ कार्रवाई की गई और 1 लाख 87 हजार 750 रुपये का जुर्माना वसूला गया। जबकि कार्यालय की एयर स्पीड टीम के माध्यम से 75 बसों का निरीक्षण किया गया है, 14 दोषी बसों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और 1 लाख 32 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया है. उक्त निरीक्षण अभियान में कार्रवाई के साथ-साथ वाहन चालकों की काउंसलिंग भी की जा रही है तथा उन्हें परिवहन विभाग के अधिकारी के माध्यम से सुरक्षित एवं रक्षात्मक यातायात की सीख भी दी जा रही है। उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजवर्धन करपे ने कहा कि यात्री सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है इसलिए अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा।

# फुंडे ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस मे 12 से 14 जुलाई तक चंद्रयान महोत्सव आयोजित किया गया



**बुलंद गोंदिया।** फुंडे ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस के सभी विद्यालयों मे 14 जुलाई को दोपहर मे चंद्रयान 3 का सफल प्रक्षेपण विद्यार्थियों को लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया इससे पूर्व 12 जुलाई से 14 जुलाई तक3 दिवसीय चंद्रयान महोत्सव आयोजित किया गया इन3 दिनों मे विद्यार्थियों को चंद्रयान मिशन 1.2 और 3 की विस्तृत जानकारी शिक्षकों द्वारा प्रदान की गयी। चंद्रयान मिशन भारत ने किस कठीन परिस्थिति मे प्रारंभ किया और अपने कर्तव्यदक्ष वैज्ञानिकों की दृढ़ इच्छाशक्ती के बलबुते मिसाइलमैन भारतरत्न डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम और पुर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी के सपने को साकार करते हुए आज चाँदपर पहुँचने के सफ़र पर निकले चंद्रयान-3 की इस यशोगाथा से विद्यार्थियों को अवगत कराने का प्रयास किया गया। इस अद्भुत क्षण को सुकन्या संकल्प निकेतन विद्यालय काटी तह+जी. गोंदिया में विद्यार्थी,पालको तथा शिक्षकों ने एकसाथ भारतीय स्वर्णिम भविष्य ( चांद्रायण-3 के सफल प्रक्षेपण) के साकार होते युग का आनंद लिया. ईस अवसर पर गजेंद्र फुंडे इ बड़ी संख्या मे पालको के साथ ही महिला पालकों ने भी उपस्थित रहकर चंद्रयान महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# व्यवसायी से ऑनलाइन फ्रॉड, व्यापारी के नाम से वाट्सअप चेटिंग कर ठगे 10 हजार रुपये



**बुलंद गोंदिया।** बैंकिंग, लॉटरी, कर्ज लोन, केवाईसी, गिफ्ट आदि धोखाधड़ी के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी का जाल अब फेसबुक मैसेंजर से वाट्सएप मैसेंजर तक पहुँच चुका है। ठगबाज आम नागरिकों को लूटने अब हमारे परिचितों का सहारा लेकर, फ्रॉड कर रहे है। हाल ही में गोंदिया शहर साइबर सेल में एक फ़्रॉड होने का मामला दर्ज हुआ है। धोखाधड़ी का मामला 13 जुलाई की रात को पेशे से पोल्ट्री फार्म व्यवसायी ईरशाद अहमद कुरैशी निवासी सिविल लाइन, गोंदिया के साथ घटित हुआ। कुरैशी को रात के दौरान एक अज्ञात नंबर से वाट्सएप्प मेसेज आया। उस अज्ञात नंबर में फिर्यादि के पोल्ट्री फार्म के बाजू में दूसरे व्यापारी गुड्डू वासनिक की डीपी फ़ोटो डली थी।उस अज्ञात मैसेंजर ने फिर्यादी से 15 हजार रुपये की अर्जेंट मांग की। और सुबह 10 बजे के बाद वापस लौटाने की बात की। रुपये मांगने की वजह पूछने पर फोटो सेंड कर बताया कि उसके मामा के लड़के का एक्सीडेंट हो गया है और उसका हॉस्पिटल में ऑपरेशन जारी है। ब्लड और दवाइयों के लिए रुपये लग रहे है। फिर्यादि अज्ञात व्यक्ति को पड़ोसी व्यापारी समझकर तथा ऑपरेशन के भेजे गए फोटो से भावुक होकर उन्होंने उस अज्ञात व्यक्ति को भेजे गए नंबर पर 10 हजार ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। फिर्यादि ने उस दौरान गुड्डू वासनिक को फोन करने का प्रयास किया पर फोन नही लगा। जब सुबह उनसे मुलाकात की तो, वे और आश्चर्य में पड़ गए। फिर्यादि को भेजे गए मेसेज की तरह ही गुड्डू वासनिक के वाट्सएप में भी इरशाद कुरैशी बनकर 15 हजार की मांग की गई। परंतु उनसे कोई रिप्लाई न देने के कारण वे ऑनलाइन फ्रॉड से बच गए। हमारी सभी गोंदिया वासियों से अपील है कि इस तरह के फ्रॉड से बचे। कोई किसी भी सूरत में आपसे रुपये की मांग, लालच, गिफ्ट, रुपये डबल, कर्ज, बैंक पासवर्ड, पिन नंबर, कोई लिंक आदि कुछ भी भेजकर आपका अकॉउंट खाली कर सकता है। या रुपये मांगकर ठग सकता है। ऐसा प्रतीत होने पर नजदीक के पुलिस स्टेशन में संपर्क कर इसकी जानकारी दे। फोन पर बात होने पर ही रुपये का आदान प्रदान करें।

# गोंदिया पूर्वी विभाग की भूमिगत गटर योजना शीघ्र - पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल




**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया शहर के विजयनगर स्थित नवनिर्मित साई मंगलम कॉलोनी के सीमेंट मार्ग के लिए पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल द्वारा राज्य सरकार से 26 लाखों रुपए की निधि मंजूर करवाई थी। जिसका भूमि पूजन पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के हस्ते उमराव डोलारे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि गोंदिया के पूर्व विभाग की गटर योजना का कार्य जल्द ही मंजूर होगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि शहर के लिए गत वर्षो में बायपास मार्ग ,नया उड़ान पुल, शासकीय मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज जैसी शिक्षण संस्था स्थापित किए। किन्तु चुनाव में हार से अनेक विकास कार्य की योजनाएं रुक गई है। रामनगर, विजयनगर आदि क्षेत्र के लिए भूमिगत गटर योजना का कार्य भी मंजूर कराने प्रयत्न शुरू है। इस अवसर पर अमित झा ने अपने उद्गार व्यक्त किए कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुनील केलंका,भावना कदम, अशोक चौधरी, शकील मंसूरी , नंदू बिसेन, गोपाल अग्रवाल, प्रमिला सिंधरामें, अमित झा, अमर रंगारी, संजू माने, कृष्णाबाई उके, सचिन अग्रवाल, जनकलाल ऊके, ललित बिसेन सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# राज्य सरकार के खिलाफ बिजली बिल के विरोध में होली जलाओ आंदोलन

**गोंदिया**-गरीब जनता पहले से महंगाई की मार झेल रही है और डबल टैक्स लगाकर बिजली बिल दिया जा रहा है जिसके विरोध में गोंदिया जिला शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पक्ष द्वारा बिजली बिल का होली जलाओ आंदोलन किया गया व राज्य सरकार के कुछ मंत्रियों द्वारा मा उद्धव ठाकरे साहेब इनके बारे में गलत टीका टिप्पणी दिया जा रहा उसके खिलाफ आंदोलन किया गया. जिसमे पंकज एस. यादव जिला प्रमुख, सुनील लांजेवार, तेजराम मोरघड़े, कल्लू यादव, राजेश कनोजिया, अशोक आरखेल, संजू शमशेरे, राहुल ठाकुर, अनील मेश्राम, सुनील रोकड़े, कविता चौहान, ललिता यादव, बुलबुले, राहुल वंजारी, कपिल नेवारे, नीना हुड, टोकेस्वर हरिनखेड़े, गुलशन मते, गंगाधर शुलाखे, मदामे ताई, व समस्त गोंदिया जिला शिवसेना, युवासेना, महिला आघाड़ी, व समस्त अंगीकृत सेना के पदाधिकारी उपस्थित थे।



# बालाजी फाउंडेशन के संस्थापक डॉ नितेश बाजपेई ने मुन्नालाल यादव व धर्मिष्ठ सेंगर का किया सत्कार



**बुलंद गोंदिया।** दौड़ प्रतियोगिता में 3 नए कीर्तिमान स्थापित करने वाले स्थानीय धावक मुन्ना लाल यादव तथा रेल सलाहकार समिति में सदस्य के रूप में मनोनीत धर्मिष्ठा सेंगर का सत्कार बालाजी फाउंडेशन द्वारा किया गया। देहरादून की युवरानी एथलेटिक्स समिति द्वारा 26 तथा 27 जून को परेड ग्राउंड में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में 80 वर्ष से अधिक आयु की श्रेणी में गोंदिया के 81 वर्षीय मुन्ना लाल यादव ने 100 मीटर 200 मीटर तथा 5 किलोमीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्थानीय समाजसेवी धर्मिष्ठा सेंगर का भी सत्कार बालाजी फाउंडेशन ने किया. फाउंडेशन की सचिव डॉ. मौसमी तिवारी ने दोनों सत्कार मूर्तियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। धावक मुन्ना लाल यादव ने अपने संबोधन में बतलाया कि वह प्रतिदिन दौड़ का अभ्यास करते हैं तथा उनकी दिनचर्या सादगी पूर्ण रहती है. उन्होंने बतलाया की दौड़ की विभिन्न प्रतियोगिताओं में सदा ही उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अब उनकी इच्छा अंतर्राष्ट्रीय स्तर की दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने की है जिसके लिये उन्हें दुबई आमंत्रित किया गया है. डॉ नीतेश बाजपेई ने दुबई में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय दौड़ प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए आर्थिक सहायता सहायता देने के लिए आश्वस्त किया है। प्रसिद्ध समाजसेवी और प्रशिक्षक धर्मिष्ठा सेंगर ने कहा कि गोंदिया रेल स्थानक की अनेकों समस्याएं हैं जिनके निराकरण के लिए वे सदैव प्रयत्नशील रहेंगे।

# पुलिसविभाग में नौकरी लगाने का झांसा देकर बोगस नियक्ति पत्र दे 5 पांच लोगों से ऐंठे 37 लाख

**बुलंद गोंदिया।** एक धूर्त आरोपी ने मुंबई पुलिस में हूँ कहकर पुलिस में नौकरी लगाने का झांसा देकर पांच लोगों से 37 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सालेकसा थानांतर्गत सामने आया है। धोखेबाजी की ये वारदात वर्ष 2021 से 2022 के दौरान घटित हुई। आरोपी ने आमगांव खुर्द, सालेकसा में भाऊलाल शिवनकर के घर पर खुद को मुंबई पुलिस में हूँ कहा। तथा फिर्यादी व उसके भाई के लड़के, आरोपी की बहन व रिश्तेदारों को पुलिस में नौकरी लगाकर देता हूँ ऐसा झूठा विश्वास जताया। आरोपी ने फर्जी नियुक्ति पत्र (अपॉइंटमेंट लेटर) तैयार कर वाट्सएप पर भेजकर फिर्यादी बद्रीप्रसाद परसुराम दसरिया 43 निवासी ब्राम्हणटोला, जागेश्वर खेन्दलाल दसरिया 47 ब्राम्हणटोला, चैनसिंग डोमनसिंग मच्छिरके 50 कावराबान्ध, भाऊलाल श्रावण शिवनकर, सालेकसा व चंद्रशेखर प्रदीप फुंडे सालेकसा से 47 लाख 30 हजार लिए।

फिर्यादी को उसके साथ धोखाधड़ी होने का आभास होने पर उसने आरोपी से रुपये वापस मांगा, जिसे आरोपी ने 8 लाख 50 हजार व चंद्रशेखर फुंडे के 1 लाख 90 हजार ऐसा कुल 10 लाख 40 हजार लौटा दिये, जबकि बाकी की रकम 36 लाख 90 हजार वापस न करते हुए फिर्यादी को फर्जी मामले में फंसाने की धमकी दी। इस पुलिस नौकरी के नाम पर रुपये ऐंठ कर धोखाधड़ी करने पर फिर्यादी कि शिकायत पर सालेकसा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 420, 417, 465, 467, 468 ,471, 506 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

# डायवर्शन मार्ग पर एसटी बस सड़क के नीचे उतरी

## » 15 यात्री बाल-बाल बचे

**बुलंद गोंदिया।** तिरोड़ा से धापेवाड़ा होते हुए गोंदिया जा रही तिरोड़ा आगार की एसटी बस खराब सड़क के कारण सड़क से नीचे उतर गई. जिसमें बस में सवार 15 यात्री और चालक-परिचालक बाल-बाल बच गए. जिससे कुछ देर के लिए यहां सड़क पर यातायात बाधित हो गई थी।



तिरोड़ा ङ्क खैरलांजी मार्ग पर रेलवे द्वारा फ्लाईओवर निर्माण के चलते तिरोड़ा-खैरलांजी मार्ग का यातायात स्टेशन मार्ग तिरोड़ा तहसील कार्यालय चिरेखनी से डायवर्सन किया गया है तथा सड़क खराब होने के कारण हाल ही में इस सड़क का डामरीकरण किया गया है. लेकिन इस सड़क पर 24 घंटे रेती लदे भारी वाहन चल रहे हैं. इसलिए सड़क निर्माण के एक माह से भी कम समय में सड़क की स्थिति काफी खराब हो गई है. क्योंकि सड़क संकरी है और दोनों तरफ खेत हैं. इसलिए एक ही समय में दो वाहनों का गुजरना मुश्किल हो जाता है और वाहन सड़क से नीचे चले जाते हैं. इस सड़क पर आए दिन कीचड़ के कारण वाहन गिर रहे हैं. 14 जुलाई को दोपहर 1.45 बजे तिरोड़ा डिपो की बस क्र.एमएच 40 ङ्क एन 8563 उस समय आई जब दो टिप्पर पहले से ही इस मार्ग पर फंसे हुए थे. चालक देवदास मेश्राम और परिचालक लोकेश कुंभलकर तथा 15 यात्रियों को लेकर बस तिरोड़ा से धापेवाड़ा होते हुए गोंदिया जा रहे थी. तभी चिरेखनी की ओर जाते समय सामने से आ रहे वाहन को रास्ता देते समय बस सड़क से उतर गई. लेकिन बस चालक देवदास मेश्राम की सतर्कता से कंडक्टर और बस में सवार 15 यात्री बाल-बाल बच गए।

# 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मतदाताओं का पंजीकरण कराया जाए- जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे

***<u>मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित</u>***



बुलंद गोंदिया। जिला कलेक्टर चिन्मय गोतमारे ने अपील की है कि अधिक से अधिक नागरिक मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम का लाभ उठायें और मतदाता सूची के शुद्धिकरण के साथ-साथ लोकतंत्र को मजबूत करने में सहयोग करें।

मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत गोंदिया जिले के विधानसभा क्षेत्र के कुल 1282 मतदान केंद्रों पर केंद्र स्तरीय प्रतिनिधि (बीएलए) की नियुक्ति केंद्रीय स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) से सहयोग हेतु अनुरोध के संबंध में मतदाता सूची 2024 के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत ।

21 जुलाई 2023 (शुक्रवार) से 21 अगस्त 2023 (सोमवार) तक मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत गोंदिया जिला विधानसभा क्षेत्र में कुल 1282 केंद्रीय स्तर के अधिकारी (बीएलओ) मतदाता शुद्धिकरण के लिए घर-घर भ्रमण करेंगे। उक्त मतदाता सूची से डुप्लीकेट, स्थायी प्रवासी एवं मृत मतदाताओं के नाम बाहर किये जायेंगे। साथ ही मतदाता सूची में मतदाता के नाम, जन्मतिथि एवं अन्य कोई सुधार हो तो उक्त सुधार किया जाएगा। जिन मतदाताओं ने आधार अपडेट नहीं कराया है, उनसे आधार नंबर लेने का भी काम किया जायेगा.

तदनुसार, गोंदिया जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्षेत्रों में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी नागरिकों और 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले संभावित मतदाताओं या जिन नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, उन्हें नए मतदाताओं का पंजीकरण करना होगा। पहचान पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, रिश्ते या पड़ोस में रहने वाले मतदाता का ईपीआईसी कार्ड जैसे दस्तावेजों के साथ फॉर्म नंबर 6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की अपील की गई है।

**मतदाता सूची से नाम हटाना**- मृत मतदाता के परिजनों को मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए मृतक के मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ फॉर्म नंबर 7 भरना होगा। साथ ही पलायन कर चुके सभी मतदाताओं के साथ-साथ जो लड़कियां शादी के बाद पलायन कर गई हैं, उन्हें नए निवास के प्रमाण के साथ फॉर्म नंबर 7 भरना होगा और अपना नाम मतदाता सूची से हटाना होगा। साथ ही जिन मतदाताओं की मतदाता सूची में एक से अधिक प्रविष्टियां हैं, वे भी फार्म संख्या 7 भरकर अपना एक नाम मतदाता सूची से हटा लें।

**मौजूदा मतदाता सूची में प्रविष्टि का सुधार**- यदि मतदाता का आवासीय पता बदल गया है, तो नाम को पिछले पते से वर्तमान पते पर स्थानांतरित करें, नाम, लिंग, जन्म तिथि/आयु, रिश्ते का प्रकार, रिश्तेदार का नाम सही करें। मौजूदा मतदाता सूची में पता, मोबाइल नंबर और फोटो, बिना किसी सुधार के मतदाता पहचान पत्र बदलने और विकलांगता प्रमाण पत्र आदि के साथ आवेदन करके विकलांग व्यक्ति के रूप में चिह्नित करने के लिए, मतदाताओं को फॉर्म नंबर 8 के साथ भरना और सही करना होगा।

**मतदाता सूची में फोटोग्राफ (फोटो) की गुणवत्ता बढ़ाना**- ऐसे सभी मतदाता जिनके पास मौजूदा मतदाता सूची में कोई फोटो नहीं है या अस्पष्ट फोटो है, उन्हें रंगीन पासपोर्ट फोटो के साथ फॉर्म नंबर 8 भरना चाहिए और फोटो को मतदाता सूची में शामिल करना चाहिए।

वोटर आईडी कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करना। वे सभी मतदाता जिन्होंने अभी तक अपने आधार कार्ड को अपने मतदाता पहचान पत्र से लिंक नहीं किया है, वे फॉर्म संख्या 6-बी में आधार संख्या का उल्लेख करके आवेदन करें। नागरिक अपने मोबाइल फोन में वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कर सकते हैं और सभी फॉर्म ऑनलाइन भरने के लिए nvsp.in और वोटर पोर्टल पर भी जा सकते हैं।

# आस्ता नुरूटी , खुशी सारंगपुरे को राज्य ताइक्कांडो स्पर्धा में स्वर्ण पदक जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया अभिनंदन

**बुलंद गोंदिया।** महाराष्ट्र राज्य कैडेट ताइक्कांडो चैंपियनशिप 2023 का आयोजन हाल ही में मुंबई में किया गया था इस स्पर्धा में संपूर्ण महाराष्ट्र राज्य के 30 जिला टीम ने सहभाग लिया था जिसमें गोंदिया जिले की टीम ने भी सहभाग लिया था, राज्य स्पर्धा में आस्ता नुरूटी और खुशी सारंगपुरे ने जिल्हे का प्रतिनिधित्व करते हुए दोनो खिलाडियोने स्वर्ण पदक हासिल किया है। राष्ट्रीय कैडेट ताइक्कांडो चैंपियनशिप 2023 जो लखनऊ, यूपी में हो रही है। इस स्पर्धा के लिए महाराष्ट्र की टीम में उपरोक्त दोनों खिलाड़ियों की नियुक्ति हुई है। दोनों खिलाड़ियों को जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे, जिला पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगळे, जिला क्रीड़ा अधिकारी घनश्याम राठौर, जिला ताइक्कांडो एसोसिएशन के कार्याध्यक्ष डॉ खगेन्द्र येडे, उपाध्यक्ष शिखा पिपलेवार,सचिव दुलीचंद मेश्राम,कार्यकारी सदस्य अमित मेश्राम,नरेश बोहरे,कमलेश बारेवार,नीलेश फुलबांधे, ओमेश्वर तांडेकर, धर्मेंद्र दमाहे, निखिल डोंगरे, अर्जुन पटले, गोल्डी भाटिया, कुंजन दोये,प्रियंका राउत, प्राची मौदेकर



एवम उनके माता पिता ने उनका अभिनंदन किया है।

# गोंदिया शहर के जयस्तंभ चौक के बस स्टैंड की युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा सफाई अभियान

## महाराष्ट्र की ईडी सरकार तथा नगरपरिषद प्रशासन कुंभकरण की नींद में सोई है युवक कॉंग्रेस उन्हें बार बार जगाते रहेगी- दिपेश अरोरा




**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया विधानसभा युवक कॉंग्रेस के उपाध्यक्ष दीपेश अरोरा के नेतृत्व मे युवक कॉंग्रेस, शहरकॉंग्रेसकमिटी,सेवादल,एनएसयूआई, ओबीसी विभाग,महिला कॉंग्रेस व अन्य कॉंग्रेस के कार्यकर्ताओ ने गोंदिया शहर केजयस्तंभचौराह स्थित बस स्टॉप की सफाई कर नगर पालिका को संदेश देने का काम किया की शहर के सबसे व्यस्ततम चौक के बसस्टॉप की दैयनिय अवस्था को भगवान भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। नगर परिषद अगर इसे अनदेखा करेगी तो युवक कॉंग्रेस शहर की जनता के साथ खाड़ी रहेगी। यह स्वछता अभियान की गंभीरता को देख नगरपालिका के अधिकारी श्री दाते वैसे ही सफाई विभाग के अधिकारी मुकेश शेंद्रे भी मौके पर पहुंचे और इस पूरे विषय का संज्ञान लिया इन अधिकारियों को मौके पर लेखी ज्ञापन कार्यकर्ताओ द्वार देकर बसस्टॉप की जीर्ण अवस्था को सुधरने, प्रवासियों की बैठने की व्यवस्था, रंगरोगन करने,शौचालय का निर्माण करने,फ्लोर का सेमंटीकरण कर गटु लगाने व प्रति दिन सुबह - श्याम सफाई करने की मांग रखी गयी। और मांगें इसी महीने में पूर्ण करने की मांग रखीं. अगर नगरपरिषद प्रशासन मांगें पूरी नहीं करेगी तो कॉंग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सफाई किया हुआ कचरा न. प. के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के बंगले के सामने ले जा कर रखेंगी और जबतक कार्य पूरा नहीं हो जाता तब तक ऐसा करते रहेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कॉंग्रेस के सचिव अमर वराडे, शहर अध्यक्ष जाहिर अहमद, सेवादल अध्यक्ष इंजि राजीव ठकरेले ,युवक कॉंग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अलोक मोहंती, एनएसयूआई जिलाअध्यक्ष हरिश तुलसकर, मंथन नंदेश्वर, जीवनलाल शरनागत, रंजीत गणवीर, सुनील भोगाड़े, भारत खपर्डे, रुपाली ऊके, चित्रा लोखंडे,जाहिद सोलंकी, मनीष चौहान, कृष्णा बिभर, दीपक उके, राकेश पाटिल, ओमप्रकाश मचाडे, संदिप शेंडे आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।



# मतिमंद युक्ति के साथ दुष्कर्म के आरोपी को 14 वर्ष का सश्रम कारावास 15 हजार का जुर्माना



**बुलंद गोंदिया।** रावणवाड़ी पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम सतोना निवासी आरोपी दुर्गसाय उर्फ मोंटू जियालाल चौधरी को नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म कर गर्भवती बनाने के आरोप में दोषी करार देते हुए प्रमुख व जिला सत्र न्यायाधीश वानखेड़े द्वारा 14 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा वह 15हजार रुपए का जुर्माना ठोका। प्रकरण इस प्रकार है कि रावणवाड़ी पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम सतोना निवासी शिकायतकर्ता महिला की मतिमंद लड़की के साथ आरोपी द्वारा दुष्कर्म कर उसे गर्भवती किया। उपरोक्त मामले में फरियादी महिला द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ मई 2021 को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भादवि की धारा 376, 376(2)(छ)(रु) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जिसमें खुलासा हुआ व सतोना निवासी आरोपी दुर्गसाय उर्फ मोंटू जियालाल चौधरी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने व सभी सबूत को जमा कर आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। उपरोक्त मामले में गवाह वह सबूत के आधार पर प्रमुख जिला व सत्र न्यायाधीश वानखेड़े द्वारा आरोपी को दोषी करार देते हुए 14 वर्ष के आश्रम कारावास की सजा व 15 हजार का अर्थ दंड ठोका तथा आर्थिक दंड न भरने पर आरोपी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होंगी। उपरोक्त मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक सरवदे द्वारा की गई थी तथा न्यायालय में प्रकरण के दौरान पीड़िता की ओर से सरकारी वकील पाटणकर द्वारा पैरवी की वह पुलिस नायक द्वारा सहयोग किया गया उपरोक्त मामले में उत्कृष्ट जांच के लिए पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले ,अपर पुलिसअधीक्षक अशोक बनकर ,एस डी पी ओ ताजने,स.पो.नि.अभिजित भुजबल ने जांच करने व न्यायालीन कार्य में सहयोग करने वाले कर्मचारियों का अभिनंदन किया।

# जिला परिषद अध्यक्ष ने जिला परिषद स्कूल का किया दौरा

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिला परिषद के अध्यक्ष पंकज रहांगडाले गोरेगांवतहसील के दवडीपार की जिला परिषद स्कूल का औचक दौरा किया और स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये. विद्यार्थियों से बातचीत भी की और भौतिक सुविधाओं का निरीक्षण भी किया। पंकज राहंगडाले ने मानसून चालू होने के कारण विद्यार्थियों को दिये जाने वाले पौष्टिक आहार एवं पेयजल की शुद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए काम करने में जरूरत पड़ने पर तकनीक की मदद लेने की भी अपील की डॉ. साहेबलाल कटरे, किशोरपारधी,रवीन्द्र पटले,कटरे सरपंच, उपसरपंच, शिक्षक एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# ऑफिस का ताला तोड़कर सामान चुराया

**गोंदिया**-आमगांव थानांतर्गत शुभम नगर बनगांव निवासी फरियादी संदीप रामेश्वर फुंडे (26) के सीए ऑफिस के दरवाजे का ताला तोड़कर किसी अज्ञात ने अनाधिकृत रूप से ऑफिस में प्रवेश कर विभिन्न सामान पर हाथ साफ कर दिया। जिसमें नकद 32 हजार रुपए, ब्राउन रंग के पर्स में रखा सीए मेंबरशिप कार्ड, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं एचडीएफसी बैंक का क्रेडिट कार्ड, एचडीएफसी बैंक व बैंक ऑफ इंडिया का डेबिट कार्ड, पैन कार्ड, लाइसेंस, लेनोवा कंपनी का सिल्वर रंग के लैपटॉप एवं चार्जर का समावेश है। आरोपी ने कुल 47 हजार रुपए के माल पर हाथ साफ किया। यह घटना 15 से 16 जुलाई के बीच हुई। फरियादी की शिकायत पर आमगांव पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आगे की जांच पुलिस हवलदार वंदना बिसेन कर रही हैं

# राज्य सरकार किसानों के साथ है - उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस

## नकली खाद-बीज की बिक्री के खिलाफ जल्द ही सख्त कानून लाया जाएगा



**मुंबई।** प्रदेश के विभिन्न भागों में पिछले वर्ष की तुलना में 80 प्रतिशत बुआई पूरी हो चुकी है। हालाँकि, पुणे डिवीजन और नासिक डिवीजन के कुछ हिस्सों में, बोया गया क्षेत्र कम है। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने विधानसभा में बयान दिया कि राज्य सरकार भारी बारिश के कारण बने हालात में किसानों की मदद के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए एक आपातकालीन योजना तैयार की गई है। इसके अलावा, उन्होंने कहा, नकली बीज और उर्वरक बेचने वालों के खिलाफ गैर-जमानती अपराध बनाने के लिए एक कानून का मसौदा तैयार किया जा रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले सप्ताह में अच्छी बारिश की संभावना जताई है. कल कैबिनेट बैठक में स्थिति पर चर्चा और समीक्षा की गई है. सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है। अब तक किसानों को 10 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की मदद की जा चुकी है. उन्होंने कहा कि जिन किसानों का केवाईसी नहीं हुआ है उन्हें भी प्रक्रिया पूरी होते ही मदद मिल जाएगी। राज्य सरकार बीटी बीज जैसे फर्जी बीज और उर्वरक बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।